प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

दैनिक यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 53 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 17 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

चुनावी मोड में रंगने लगा प्रदेश, शिवराज सरकार कर रही सौगातो की बौछार

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में चुनावी सरगर्मी अब तेज हो रही है सत्ताधारी भाजपा सरकार धड़ाधड आमजनता को सौगातो के बहाने सीधा आर्थिक पैकेज दे रही है वहीं कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में चुनावी वायदों के माध्यम से जनता को सुविधाएँ देने की घोषणाएँ कर रहे है । मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार आमजनता को मुफ्त की रेवड़ी बाँट कर पूरी तरह खुश तो कर रही है इसके साथ ही जनता की समस्याओं के निराकरण के लिये तेजी से काम करने के लिये प्रशासन को जुटा दिया गया है, जनता को हर हाल में खुश रखने की कार्ययोजना बनायी जा रही है । शासकीय अधिकारी कर्मचारी सीधे जनता के संपर्क में इस प्रकार के इशारों में निर्देश में दे दिये गये है वहीं नेताओं और संगठन के कार्यकर्त्ताओं से हर कार्यक्रम में आमजनता की बड़ी सहभागिता के लिये कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये जा रहे है । प्रदेश की सत्ता में पुनः वापसी के हर संभव प्रयास करने में शिवराज सरकार कोई कमी नही रखना चाहती । इसके लिये सरकार के मंत्रालय भी राहत भरे निर्देश जारी कर रहे है ।

नगरीय क्षेत्रों में बाजारों की वसूली बंद

प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों हाथ ठेला फेरीवालों एवं फुटपाथों पर दुकानों लगाने वालों की महापंचायत में महापंचायत में हितग्राहियों के अनुरोध पर बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की प्रतिदिन की वसूली और वसूली में ठेकेदारी प्रथा को बंद करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के परिपालन के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह सभी नगरपालिक निगम आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ठेकेदारों के माध्यम से बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की वसूली नहीं की जाए। साथ ही इसकी प्रतिदिन वसूली भी नहीं होना चाहिए। सभी नगरपालिक निगम आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ठेकेदारों के माध्यम से बाजार बैठकी-तहबाजारी शुल्क की वसूली नहीं की जाए। साथ ही इसकी प्रतिदिन वसूली भी नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 29 मई 2023 को हाथठेला, फेरी और रेहड़ी वालों की

योग दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम

आगामी 21 जून को इस वर्ष 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा पूरे प्रदेश में योग दिवस को विशेष आयोजनों के साथ मनाया जायेगा जिसमें राजनैतिक बड़ी उपस्थिती भी हर स्थानों पर देखने को मिलेगी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड पर प्रदेश स्तरीय आयोजन निर्धारित है जिसका सीधा प्रसारण देश के अलावा दुनिया के 80 देशों में किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को जबलपुर में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। इस वर्ष 9वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम बसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग रखी गई है।

कांग्रेस की काल्पनिक नारी सम्मान योजना पर शिव का करारा प्रहार

प्रदेश की शिवराज सरकार कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर हर घर में पैठ जमाने की कोशिश कर रही है और उसी का परिणाम है कि प्रदेश की आधी आबादी को सीधा आर्थिक संबल प्रदान करने के लिये लाड़ली बहना योजना की लांचिग पर कांग्रेस की काल्पनिक नारी सम्मान योजना की हवा निकालते हुये मास्टर स्टोक लगाते हुये लाड़ली बहनों के खाते में शिवराज सिंह चौहान ने एक एक हजार रूपये तो डाले ही साथ ही एलान कर दिया कि आगामी समय में इस योजना की राशि तीन हजार रूपये माह तक कर दी जायेगी । इस योजना की लाभार्थी महिलाओं के खाते में राशि पहुँच भी चुकी है अधिकृत जानकारी के अनुसार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से अब तक एक करोड़ 18 लाख 22 हजार 624 लाड़ली बहनों को सफल भुगतान किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.51 है। जिसके लिये मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों को बधाई भी दी है ।

किसानों के ऋण की ब्याज माफी एवं सम्मान निधि में बढौत्री

चुनावी साल में किसानो को खुश करते हुये प्रदेश की शिवराज सरकार ने एक बड़ा तोहफा देते हुये दो लाख रुपये तक के लोन वाले 11 लाख डिफॉल्टर किसानों की ब्याज राशि को माफ करने का एलान कर दिया है और सरकार ने सागर जिले से इस योजना की शुरुआत भी कर दी है. सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, किसानों का 2123 करोड़ रुपये ब्याज माफ होगा और इससे किसान डिफाल्टर नहीं रहेगा किसानों को शुन्य प्रतिशत कृषि ऋण योजना का लाभ मिलेगा उन्हें खाद बीज के लिये परेशान नहीं होना पड़ेगा । इसके साथ ही शिवराज सरकार ने किसानों की सम्मान निधि में भी बढौत्री करते हुये प्रदेश की ओर से मिलने वाली किसान सम्मान निधि को केन्द्र के बराबर 6000 रूपये प्रतिवर्ष कर दिया । सागर से योजना की शुरूवात करते हुये मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ धोखा नहीं करते तो किसानो की यह दशा नहीं होती । उन्होनें कहा कि कमलनाथ सरकार ने दस दिन में कर्ज माफी का लालीपाप देकर किसानों को धोखा दिया और 48000 करोड़ रूपये में से महज 6000 करोड रूपये किसानों का कर्ज माफ किया ।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश हायर सेकन्डरी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को स्कूटी देने की बड़ी घोषणा की है विद्यालय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को इस वर्ष स्कूटी की सौगात प्राप्त होगी इसके साथ ही पूर्व घोषित शासन की लैपटाप योजना के तहत उन्हें लैपटाप भी प्राप्त होंगे ।

कोविड में दर्ज केस वापस होंगे

पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गृह विभाग की समीक्षा करते हुये प्रदेश में कोरोना काल के दौरान जिन व्यक्तियों पर कोविड नियमों के उल्लंघन करने के कारण जिन व्यक्तियों पर केस दर्ज हुये है उनके केस वापिस लेने के लिये निर्देश जारी कर दिये गये है जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय की एडवाइजरी के अनुसार राज्य शासन ने व्यापक लोकहित में वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल और लॉकडाउन उल्लंघन से संबंधित दर्ज सभी साधारण आपराधिक प्रकरणों को वापस लेने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

कांग्रेस भी जीतने के बाद मुफ्त बांटने की बड़ी घोषणाओं साथ मैदान में

चुनावी दृष्टिकोण से शिवराज सरकार इस विधानसभा चुनाव में काल्याणकारी योजनाओं समेत कई विकास कार्यो को लेकर मैदान में उतरने की तैयारी में है साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिये भाजपा ने लंबी कवायद की है तो वहीं, कांग्रेस भी अपनी रणनीति तैयार करने के लिये पूरी क्षमता के साथ जुटी हुई है संगठन भी मजबूत करने को लेकर मेहनत की गयी है । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सत्ता में वापसी के लिए 5 बड़ी घोषणाएं की हैं और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका वाड्रा ने पिछले दिनों इन सभी घोषणाओं को सत्ता में आने के साथ ही पूरा करने की बात जबलपुर से चुनावी शंखानाद करते हुये कर दी है । कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के तहत पंद्रह सौ रूपये देने की घोषणा की और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की बात कहकर बड़े वर्ग को साधने का प्रयास किया है । 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने किसान कर्जमाफी की घोषणा की थी जिसके बाद उसकी सत्ता में वापसी हुई थी। इस बार कमलनाथ ने 5 ऐसी घोषणाएं की हैं जो बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं।

कमलनाथ समेत कांग्रेस के सभी सीनियर लीडर विधानसभा चुनाव के लिए एक्टिव हो गए हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह बिना कोई घोषणा किए सभी जिलों का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट कर रहे हैं। वहीं, कमलनाथ सत्ता में वापसी के लिए कई घोषणाएं कर चुके हैं। एमपी कांग्रेस इन घोषणाओं में से सबसे ज्यादा फोकस कमलनाथ की उन पांच घोषणाओं पर कर रही है जिसके माध्यम से पार्टी को सत्ता में वापसी की उम्मीद है।

क्या है कांग्रेस की पांच बड़ी घोषणाएं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव से पहले घोषणा की है कि अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत देंगे। कमलनाथ ने कहा कि हर घर में 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। एक रूपये युनिट बिजली देने की घोषणा की है । कांग्रेस शासित राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की घोषणा की गई है। कमलनाथ ने कहा है कि अगर राज्य में सरकार आई तो हम फिर से पुरानी पेंशन योजना को लागू करेंगे। इस बार भी कांग्रेस ने किसानों की कर्जमाफी को केन्द्र में रखते हुये चुनावी दाँव खेला है । पिछली बार कांग्रेस की बढ़त का यह बड़ा कारण रहा है ।

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के 34 लाख विद्यार्थियों को मिलेगी राज्य छात्रवृत्ति

सिवनी यशोः-प्रदेश में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के लिये पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ 34 लाख विद्यार्थियों को दिलाया जाएगा।

विभाग ने योजना के लिये इस वर्ष बजट में 250 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। योजना में इन वर्गों के उन विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति का फायदा दिया जाता है, जिनके अभिभावक की आय, आयकर दाता की सीमा में नहीं आती है। विभाग ने पिछले वर्ष 2022-23 में इस योजना में 222 करोड़ रूपये की राशि, राज्य छात्रवृत्ति के रूप में खर्च की थी।

अल्पसंख्यकों के विकास में उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कार

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये तीन महान व्यक्तियों के नाम पर पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है।

योजना में चयनित समाज सेवियों को शहीद अशफाकउल्ला खां, कैप्टन हमीद खां और मौलाना अबुल कलाम आजाद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिये विभाग ने इस वर्ष 2023-24 में 47 लाख रूपये का बजट में प्रावधान किया है। पुरस्कार स्वरूप चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये की राशि सम्मान स्वरूप प्रतीक-चिन्ह के साथ भेंट की जाती है। राज्य शासन ने यह पुरस्कार योजना वर्ष 2011-12 से प्रारंभ की है।

सरस्वती शिशु मंदिर के गौरव, भैया नवीन एवं प्रीति बोपचे का सुयश

सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज के मेधावी पूर्व छात्र भैया नवीन बोपचे आत्मज श्री चुन्नीलाल बोपचे का चयन मेडिकल शिक्षा हेतु हुआ है। नवीन ने नीट परीक्षा में 720 में से 579 अंक प्राप्त करते हुए चयन सूची में अपना नाम सुनिश्चित किया है। नवीन की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये समस्त विद्यालय परिवार ने आपके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इसी तरह संस्था की मेधावी पूर्व छात्रा प्रीति बोपचे आत्मजा श्री चुन्नीलाल बोपचे ने नेट परीक्षा में 99.2: अंको से उत्तीर्ण कर पी.एच.डी. की उपाधि हेतु अमरकंटक के जनजातीय विश्वविद्यालय में प्रवेश की पात्रता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्र छात्रा अपने छात्र जीवन से ही अत्यन्त प्रतिभाशाली एवं मेधावी रहे है। भैया नवीन एवं प्रीति बोपचे मूलतः बालाघाट जिले की बिरसा तहसील के सायल (पलेरा) ग्राम के मूल

निवासी है। आपकी माता श्रीमती अनीता बोपचे विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में अध्यापन कार्य कराती है, जबकि पिता श्री चुन्नीलाल बोपचे विद्याभारती सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर में विभाग समन्वयक का कार्य करते है।

कायाकल्प योजना का हुआ भूमि पूजन

छपारा यशोः- नगर परिषद छपारा में कायाकल्प योजना के तहत वार्ड क्रमांक 13 भगत सिंह वार्ड और वार्ड क्रमांक 12 महाराणा प्रताप वार्ड में कायाकल्प योजना के तहत रोड का निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी

लागत लगभग ?8400000 बताई गई है जिसका भूमि पूजन कल नगर परिषद की अध्यक्षा निशा सुरेश पटेल एवं सभापति एवं पार्षद की मौजूदगी में कायाकल्प योजना का भूमि पूजन हुआ ।

महाजनसंपर्क अभियान के तहत बहुपयोगी लाभार्थी सम्मेलन बहुबली लॉंन में 20 को

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जनमानस से सम्मेलन में पहुँचकर लाभ लेने की अपील की

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के गौरवपूर्ण 09 वर्ष पूण होने पर एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सफलतम 13 वर्ष कार्यकाल को लेकर जिले में चल रहे महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आगामी 20 जून मंगलवार को सिवनी विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन सिवनी जिला मुख्यालय के बाहुबली लॉंन में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है ।

इस कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल में कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉं. ढाल सिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न होगा । कार्यक्रम में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी इस सम्मेलन में आमंत्रित किये गये है, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को इस सम्मेलन में पर्यावरण का संदेश देने की पवित्र मंशा से पौधा भेंट कर प्रमाण पत्र उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भेंटकर सम्मानित किया जायेगा ।



निःशुल्क चिकित्सा शिविर

बाहुबली लॉंन में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन के संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि यह लाभार्थी सम्मेलन आमजनता के लिये विशेष उपयोगी बनाने के लिये लाभार्थी सम्मेलन की आयोजक टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, शासन की योजनाओं की उपयोगी जानकारी, एवं शासन के योजनाओं के वंचितो को लाभ दिलाने की मंशा से हितग्राही मूलक योजनाओं से

संबंधित विभागो के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

नेत्र परीक्षण एवं मोतिबिंद के निःशुल्क आपरेशन

इस सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपेथिक, एलोपैथिक पैथी के मरीजो के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के लिये चिकित्सकीय विभाग की टीम एवं सेवाभावी निजी चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी जो स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक दवाईयाँ भी निःशुल्क प्रदान करेंगे । सम्मेलन में साईं नेत्रा के द्वारा निःशुल्क आँखों की जाँच की जायेगी साईं नेत्रा डॉं. योगेन्द्र पटेल ने बताया कि जाँच कर चश्में भी प्रदान किये जायेंगे एवं इसके साथ निःशुल्क मोतिबिंद के आपरेशन की व्यवस्था की जायेगी । जिसके लिये मरीज अपने पहचान संबंधी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ लेकर आये ।

दिब्यांग के प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरण

इस सम्मेलन में दिव्यांग व्यक्तियों का परीक्षण एवं उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिये कार्यवाही के लिये दस्तावेज भी लिये जायेगे, तथा आवश्यकता अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किये जायेगे । कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री पियुष दुबे के सहयोग से आयुष्मान योजना के कार्ड बनाये जायेगे ।

हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित विभाग रहेंगे उपस्थित

कार्यक्रम में महिला बाल विकास, नगरपालिका के अधिकारी एवं जनपद पंचायतो के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे जो शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित किसी कारणवश वंचित रह गये व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये पात्रता अनुसार कार्यवाही एवं सलाह प्रदान की जायेगी । कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान भी शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा ।

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र की आमजनता से इस बहुपयोगी सम्मेलन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आग्रह किया है और बताया कि इस सम्मेलन में सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित अधिकारी कर्मचारी तो उपस्थित रहेंगे ही क्षेत्र में अन्य प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिये भी अधिकारी इस सम्मेलन में मौजूद रहेंगे ।

कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिये एक टीम गठित की गयी है जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दीपक नगपुरे, जिला मंत्री एकता चौरसिया, सुश्री रानी बघेल, डा. अभिजीत चौहान, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भूपेन्द्र दुबे , पार्षद संजय भलावी, भाजपा सोशल मीडिया के सह संयोजक कपिल पांडे, सतीश दुबे, आदि का समावेश है ।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरघाट का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायता लिया

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 16 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरघाट का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड एवं शाखा का निरीक्षण करते चिकित्सकीय व्यवस्थाओ का अवलोकन किया तथा मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करने तथा सभी जरूरी दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश सम्बंधित चिकित्सकों को दिए।

जबरन नॉलेज

भारतीय नागरिकों में राष्ट्र भाव जगाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता

प्रहलाद सबनानी-

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी नागपुर में आयोजित संघ के शिक्षा वर्ग में दिनांक 1 जून 2023 को अपने विचार रखते हुए कहते हैं कि भारतीय नागरिकों द्वारा भारत के विस्मृत इतिहास का स्मरण करने पर अथवा देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान देशभक्तों की कहानी सुनने मात्र से हमारे हृदय में स्फूर्ति का संचार होने लगता है, हमारे हृदय में स्वाभिमान का भाव जागने लगता है, देश के प्रति गौरव एवं उत्साह की भावना का संचार होने लगता है एवं उन महान बलिदानियों जैसे समर्पण का भाव हममें भी होना चाहिए ऐसी प्रेरणा भी जागती है।

इसी प्रकार, भारत के वर्तमान खंडकाल में भी अपने देश के गौरव के कई प्रसंग आज हम देख रहे हैं। हाल ही में पूरे विश्व में फैली कोरोना महामारी के दौरान विश्व के समस्त देशों के बीच कोरोना महामारी से अपने देश के नागरिकों को बचाने का सबसे अच्छा कार्य भारत में सम्पन्न हुआ है, यह आज पूरा विश्व मान रहा है। भारत की आर्थिक प्रगति आज पूरे विश्व के अन्य देशों के बीच सबसे तेज रफ्तार पकड़ चुकी है।

दुनिया में आर्थिक रूप से सबसे अधिक सम्पन्न जी-20 समूह के सदस्य देशों की अध्यक्षता आज भारत को मिली हुई है, इसका हम गौरव अनुभव करते हैं। हाल ही में निर्मित नए संसद भवन का उद्घाटन हो गया है और उसमें लगाए गए चित्रों को देखकर हमें आनंद की अनुभूति हो रही है। कुल मिलाकर भारत का सामान्य जन यह सब देखकर अति प्रसन्न हो रहा है कि भारत आगे बढ़ रहा है और पूरे विश्व में भारत की कीर्ति हो रही है।

राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के बाद देश में उक्त सब होते देख कर नागरिकों को सुखद लग रहा है, परंतु देश में कुछ चिंतित करने वाला परिदृश्य भी दिखाई दे रहे है। इसी समय पर देश में कई स्थानों पर कई प्रकार की कलह मची है जैसे, भाषा को लेकर विवाद हो रहा है, पंथ सम्प्रदायों को लेकर विवाद हो रहा है, नागरिकों को मिलने वाली विभिन्न सहूलियतों के लिए विवाद चल रहा है। और, केवल विवाद ही नहीं केवल बल्कि देश के नागरिक आपस में ही लड़ने झगड़ने को तैयार बेठे हैं, आपस में ही हिंसा करते दिखाई दे रहे हैं। भारत की सीमाओं पर हमारी स्वतंत्रता पर बुरी नजर रखने वाले शत्रु बैठे हैं, इन शत्रुओं को हमारा बल दिखाने के बजाय हम आपस में ही लड़ रहे हैं। और, हम यह भूल रहे हैं कि हम एक देश हैं, हम एक जन हैं।

उक्त दुर्घटनाओं को हवा देने वाले लोग भी इस देश में ही मौजूद हैं। हमारे देश में प्रजातंत्र है अतः विभिन्न राजनैतिक दल हैं वे आपस एक दूसरे के साथ सत्ता प्राप्ति के लिए स्पर्धा करते रहते हैं। परंतु इस स्पर्धा की मर्यादा होनी चाहिए ताकि देश के गौरव को कोई लांछन न लगे, आपस में लड़ाई झगड़ों को हवा न मिले। परंतु दुर्भाग्य से यह विवेक दिखाई नहीं दे रहा है। सामान्य जन को सब कुछ समझ में आ रहा है, वे दुखी होते हैं परंतु वे बोलते नहीं हैं।

पिछले कुछ समय के दौरान हम नागरिकों के मन में भी कुछ भेद उत्पन्न हुए हैं। जात पात के भेद आए हैं, पंथ सम्प्रदाय को लेकर भेद आए हैं। भारत में तो कुछ सम्प्रदाय बाहर से आए और उनको लाने वाले जो बाहर से थे उनकी भारतीय नागरिकों के साथ लड़ाईयां हुईं, जिसके परिणामस्वरूप वो बाहर वाले तो चले गए लेकिन अब भारत में सब इस देश के ही लोग हैं, जिन्हें उन बाहर वालों का सम्बंध भूलकर इस देश में रहना चाहिए और यदि कोई नागरिक अभी भी उन देशों के प्रभाव में हैं तो वे लोग भी वहां के नहीं बल्कि भारत के ही लोग हैं।

यदि इन लोगों के सोच में कोई कमी है तो उनका योग्य प्रबोधन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके साथ ही, भारत के बाहर भी भारत को नीचा दिखाने वाले शत्रु मौजूद हैं जो अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए भारत के लोगों को आपस में लड़ाना चाहते हैं एवं वे अवसर पाकर विभिन्न प्रकार के कुचक्र रचते हुए इन सब बातों को हवा देते रहते हैं। परंतु, समाज को एकजुट रखना, यह हम सबका काम है।

विश्व के कई देशों पर इस्लाम का आक्रमण हुआ स्पेन से मंगोलिया तक। इन देशों में इस्लाम एक तरह से छा गया। परंतु धीरे धीरे इन देशों के लोग जागे और उन्होंने आक्रमणकारियों को परास्त किया। इस प्रकार अपने कार्य क्षेत्र में इस्लाम सिकुड़ गया। अब विदेशी आक्रांता तो इन देशों से चले गए लेकिन इस्लाम की पूजा आज भी भारत में ही सबसे अधिक सुरक्षित चलती है।

पूजा पद्धति अलग अलग हो सकती है परंतु हमारी यह मातृभूमि तो एक ही है, इस प्रकार समाज के नाते हम सब इसी देश के हैं, हमारे पूर्वज इस देश के हैं, इस वास्तविकता को हम स्वीकार क्यों नहीं कर पा रहे हैं। हमारी जो विविधता है वह हमारी विशिष्टता है, अतः यह अलगाव का कारण बनना ही नहीं चाहिए। हमारे देश में प्राचीन समय से सबको समन्वय के साथ चलाने वाली संस्कृति विद्यमान है, उस संस्कृति को आज हम भूल गए हैं।

भारत में हम पहले आत्म विस्मरण के शिकार हुए बाद में आक्रामकों के शिकार हुए, इस इतिहास को जानना चाहिए। अब वो आक्रमण तो चला गया और आज हमारे बीच है हमारी सबकी उदार संस्कृति, समस्त विविधताओं के बीच मिलकर रहने वाली संस्कृति, हमारे उस पूर्व जीवन का स्मरण और उस हमारी पूर्वज परम्परा का स्मरण। अतः आज भारत में रहने वाले समस्त नागरिकों के लिए भारतीय संस्कारों पर चलने की सबसे अधिक आवश्यकता है।

इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिए कि किसी वर्ग की पूजा पद्धति यदि बाहर से आई और हमको उसकी आदत हो गई, हमको अच्छी भी लगती होगी अतः हम उसे नहीं छोड़ेंगे, तो ठीक है। लेकिन देश तो हमारा अपना है पूर्वज तो हम बदल नहीं सकते, इस देश की संस्कृति हमारी संस्कृति है, यह हम सबको जोड़ने वाला मसाला है। अपनी छोटी पहचान के मिट जाने के भ्रमपूर्ण डर से, महान भारतीय संस्कृति से दूर होना, ठीक नहीं है। सनातन भारतीय संस्कृति तो पूरे विश्व के भले की बात करती है, पूरे विश्व को ही एक परिवार मानती है।

भारत पुनः विश्व गुरु बनने के रास्ते पर चल पड़ा है। अतः ऐसे समय में विदेशियों द्वारा भारत में विभिन्न समाजों को आपस में लड़ाने के प्रयास पुनः तेज किए जा रहे हैं इस प्रकार के षड्यंत्रो से हमें आज सावधान रहने की सख्त जरूरत है। आक्रांताओं ने भी यही किया था, अंग्रेजों ने भी यही किया था। क्या हम अपने इतिहास से सबक नहीं लेंगे।

इस देश के समस्त समाजों को समझना होगा एवं सतर्क रहना होगा। अपने स्वत्व को बनाए रखना आवश्यक है। क्योंकि स्वत्व के चले जाने से बल चला जाता है, ओज चला जाता है एवं इसके साथ ही समृद्धि भी चली जाती है। अतः वर्तमान में तो देश के समस्त समाजों के समस्त नागरिकों में स्वत्व के भाव को जगाने की सबसे अधिक आवश्यकता है।

कई समाजों अथवा विदेशियों को डर है कि यदि भारतीय समाज एक हो गये तो हमारे ऊपर राज करना प्रारम्भ कर देंगे। भारत का इतिहास तो ऐसा नहीं है। भारत में तो विविधताओं का उत्सव मनाया जाता है और अभी तक का इतिहास साक्षी है कि जिस किसी विविधता का प्रवेश भारत में हुआ उसकी सुरक्षा यहां हुई है। पूर्व में कुछ समाजों को जब सारी दुनिया में मस्तक रखने को जगह नहीं मिली ऐसे समय में अकेला भारत ही था जिसने उन समाजों को आश्रय दिया। पूछिए यहूदियों से, पूछिए पारसियों से। अतः अपने स्वत्व के साथ आज फिर से हम सब लोग मिलकर रह सकते हैं।

हमें यह याद रखना चाहिए कि जो भारत को अपना मानते है उनके लिए हमारे भारत का स्वत्व, भारत की महान सनातन संस्कृति, हमारी मातृभूमि भक्ति, हमारे पूर्वजों के जीवन के उच्च आदर्श, यह हम सबके साझा हैं। अतः अब समय आ गया है कि भारत के स्व के आधार पर इस जीवन की पुनर्रचना होनी चाहिए। इस स्व के आधार पर ही, हम सदियों से एक रहे हैं। अपनी अपनी रुचि के अनुसार अपने अपने तौर तरीके एवं विचार दृष्टि अलग अलग रह सकती है परंतु राष्ट्रहित में सबको एक ही बनकर रहना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष 1925 से भारतीय स्व के भाव को नागरिकों के बीच जगाने का कार्य कर रहा है। अब भारत विश्व के सिरमौर देशों में शामिल होने जा रहा है। अतः आज पूरा विश्व, भारत से नए रास्ते की अपेक्षा रखता है। पूरे विश्व को एकता की राह भारत ही दिखा सकता है। यह क्षमता भारतीय समाजों के नागरिकों में है और इसे पूर्व में भी सिद्ध किया जा चुका है।

बस केवल एक दिशा देने की जरूरत है। उस दिशा को अभी भी हम पकड़ नहीं पा रहे हैं। उसके लिए दृष्टि जगानी पड़ेगी, परिश्रम करना पड़ेगा, संस्कार देने पड़ेंगे, परस्पर व्यवहार में संयम बरतना पड़ेगा, विवाद से नहीं संवाद से काम लेना पड़ेगा। केवल बाहर से ही हम अलग दिखते हैं लेकिन अंदर से हम सब एक हैं, भारतवासी हैं, यह भूमि हमारी मातृभूमि है और हम सब भारत मां की संतान हैं। भारतीय संस्कृति की हिन्दू संस्कृति की हमारी विरासत है।

पुलिस अधिकारी से रिवॉल्वर छीनकर मारी गोली, 3 आरोपी फरार

भोपाल। लूट के एक मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों ने मध्य प्रदेश से राजस्थान ले जाते समय एक पुलिसकर्मी की रिवॉल्वर छीन ली और उसकी जांघ में गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा सदर थाने के उपनिरीक्षक नानूराम गहलोत का उदयपुर के एक अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश के रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के अनुसार, राजस्थान पुलिस ने डकैती के एक मामले में वांछित तीन आरोपियों-लखन बावरी, नरेंद्र बावरी और दीपक बावरी को बुधवार को मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से गिरफ्तार किया था।

सिंह ने बताया कि राजस्थान पुलिस तीनों आरोपियों को जीप में लेकर बुधवार रात अपने गृह राज्य की ओर रवाना हो गई। उन्होंने बताया कि जब वाहन राजस्थान की सीमा के पास नीमच शहर पुलिस थाना क्षेत्र से गुजर रहा था, तो तीनों आरोपियों ने गहलोत पर काबू पा लिया और उनकी सर्विस रिवॉल्वर छीन ली।

सिंह के मुताबिक, आरोपियों ने अंधेरे में भागने से पहले गेहलोत की जांघ में गोली मार दी। उन्होंने कहा कि तीनों आरोपियों को फिर से गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस दल गठित किए गए हैं और इनकी सूचना देने वाले व्यक्ति को तीस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है।

दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी गिरफ्तार

उज्जैन। मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को शुक्रवार को लोकायुक्त अधिकारियों ने कथित तौर पर एक डॉक्टर से 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

शिकायत के बाद की गई प्लानिंग

लोकायुक्त राज्य स्तर पर गठित एक भ्रष्टाचार विरोधी प्राधिकरण है और यह लोक सेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों की जांच करता है। लोकायुक्त के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सुनील तालान ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) आर सी कुरील ने एक संविदा बाल विशेषज्ञ से उनके विस्तार प्रस्ताव पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं करने के लिए 20,000 रुपये की मांग की।

रंगे हाथों पकड़ा गया अधिकारी

इसके बाद कुछ देर बातचीत करने के बाद कुरील ने इसे घटाकर 10,000 रुपये कर दिया। डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाया गया था और कुरील को लोकायुक्त के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता से उसके सरकारी आवास पर 10,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

जमानत पर रिहा हुआ आरोपी

शिकायतकर्ता डॉक्टर ने बताया कि डॉक्टर की अच्छी रिपोर्ट तैयार करने के लिए अधिकारी ने उससे 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, लेकिन थोड़ी-बहुत बातचीत के बाद अधिकारी 10 हजार रुपये पर तैयार हो गया। इसके बाद डॉक्टर ने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल, आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार करने के बाद जमानत पर रिहा भी कर दिया गया है।

गंगा किनारे वाले छोरे ने पास की नीट की परीक्षा, कोर्स पूरा करने के बाद बनेंगे एमबीबीएस डॉक्टर

उत्तर प्रदेश के विभु उपाध्याय ने NEET की परीक्षा 720 में 622 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन का श्रेय माँ गंगा की आराधना को दिया है। विभु अपना कोर्स पूरा करने के बाद MBBS डॉक्टर बनेंगे। विभु की इस सफलता से उनका पूरा परिवार भी प्रभुल्लित है। विभु उपाध्याय ने कहा है कि वो डॉक्टर बनने के बाद भी माँ गंगा की आरती करते रहेंगे, मैया की सेवा करते रहेंगे। ऐसा करने से उनके मन को शांति मिलती है।

विभु उपाध्याय के इस प्रदर्शन से उनके गाँव कछला में भी उत्साह का माहौल है। विभु ने कहा, ÷गंगा मैया ने मुझे लोगों की सेवा के लिए चुना है। मैं उन्हें कभी निराश नहीं करूँगा। उनकी

कृपा से ही मैं आज इस मुकाम तक पहुँच पाया हूँ। मेरी कामयाबी के पीछे मेरे माता-पिता के वाला शिक्षकों का भी हाथ है। मैं अपने जिले के पूर्व छ्ररूडीके सिंह को भी धन्यवाद देता हूँ, 2019 में उन्होंने ही गंगा आरती कार्यक्रम की शुरुआत करवाई थी।÷

विभु उपाध्याय का मानना है कि ऐसी पहल के कारण ही उनके जैसे युवा सनातन धर्म से जुड़ पाए। घाट पर जाकर आरती करना युवाओं को अच्छा लगने लगा। साथ ही उन्हें उनकी संस्कृति से भी जोड़ता था। विभु उपाध्याय ने गंगा माँ की आरती के दौरान पहने जाने वाले वस्त्र की भी तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि उनका मन गंगा आरती के कारण केंद्रित रहता था और शांत रहता था। वो रोज एक घंटे आरती में अपना समय देते थे।

इसके बाद वो पढ़ाई में समय व्यतीत करते थे। वो पिछले 4 वर्षों से हृश्वश्वञ्ज की तैयारी कर रहे थे, अर्थात वो जब 9वीं कक्षा में थे तभी से। वो प्रतिदिन रात को 1 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक पढ़ाई करते थे। बीच में वो खेलकूद भी करते थे। 12वीं करने के बाद वो राजस्थान के कोटा कोचिंग के लिए चले गए। विभु की माँ सुनीता ने भी कहा कि गंगा मैया की कृपा से उनके बेटे को सफलता मिली है। पिता हरेंद्र ने भी कहा कि हमलोग ऐसे ही गंगा मैया की सेवा करते रहेंगे।

थाना प्रभारी पर गिरी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की गाज,

इंदौर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी की गाज थाना प्रभारी पर गिरी है. मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने टीआई को लाइन हाजिर कर दिया है. इस मामले की जांच एडीजी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है. दरअसल गुरुवार रात इंदौर में नशे के खिलाफ पुलिस थाने पर प्रदर्शन कर रहे हैं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया था. इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए थे. पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया था.

कब और कहां हुआ हंगामा

इंदौर में यह हंगामा पलासिया थाने के बाहर हुआ था.वहां पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया था.बताया जा रहा है कि चक्का जाम करने के प्रयास पर पुलिस ने बजरंग कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई थीं. इसके विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं में जमकर नारेबाजी की. बजरंग दल ने इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से निष्पक्ष जांच की मांग की थी.

विश्व हिंदू परिषद के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल ने इंदौर के पलासिया चौराहे पर नशे के खिलाफ प्रदर्शन किया. इसमें शामिल होने बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे थे. हालांकि चर्चा यह भी है कि बजरंग दल के किसी कार्यकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर का विरोध करने ये लोग वहां गए थे. पुलिस थाने पर काफी देर तक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की.इस दौरान पुलिस ने उन्हें हटाने का भी प्रयास किया.

क्या कहना है बजरंग दल के कार्यकर्तओं का

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस का कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं था, ऐसे में आक्रोशित हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पलासिया चौराहे पर चक्का जाम कर दिया. पुलिस के मुताबिक मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को चक्का जाम खोलने और हटने के लिए कई बार निर्देशित किया. लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने ऐसे में पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए रास्ता खुलवाने का प्रयास किया, हालांकि जो वीडियो सामने आए हैं उसमें बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की सूरते हाल साफ नजर आते हैं.

इंदौर में कूलरों के साथ निकली बारात

इंदौर। इंदौर के एक होटल मालिक ने अपनी शादी में शामिल मेहमानों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए बारात में चलित कूलरों का इंतजाम किया। इस अनूठी बारात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। राजबाड़ा क्षेत्र में एक होटल चलाने वाले सुधांशु रघुवंशी ने बृहस्पतिवार को बताया, ÷इंदौर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। मेरी बारात में शामिल मेहमानों को गर्मी से परेशानी न हो और वे आराम से नृत्य कर सकें, इसलिए मैंने बारात में ट्रॉली पर चलने वाले 11 बड़े कूलरों का इंतजाम किया था।÷ उन्होंने बताया कि शहर में सात जून को निकली उनकी बारात ने करीब 1.5 किलोमीटर का रास्ता तय किया और इसमें करीब 400 मेहमान शामिल हुए।रघुवंशी ने बताया कि जब उनकी बारात राजबाड़ा चौराहे से गुजरी, तो किसी स्थानीय व्यक्ति ने अपने घर की छत से इसका वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

18-19 जून को असर दिखा सकता है बिपरजॉय, ग्वालियर, भिंड सहित कई जिलों में हो सकती है तेज बारिश

भोपाल. गुजरात में तबाही मचा चुका खतरनाक तूफान बिपरजॉय मध्य प्रदेश में भी अपने निशान छोड़ सकता है. इसकी वजह से ग्वालियर-चंबल अंचल में आंधी और तेज बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग का कहना है कि 18-19 जून ग्वालियर में तेज बारिश के साथ-साथ 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. विभाग ने इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया है. बिपरजॉय के असर के बीच प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधि चलती रहेगी. खास बात यह है कि प्री-मानसून एक्टिवटी के साथ ही प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज गर्मी का प्रभाव देखने को मिलेगा.

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि ग्वालियर-अंचल से पहले बिपरजॉय का असर उत्तर-पूर्वी राजस्थान में दिखाई देगा. उसकी वजह से इस इलाके में तूफान का लो-प्रेशर एरिया बनेगा. इसके बाद ग्वालियर-चंबल संभाग के ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुकलां दतिया में तेज बारिश हो सकती है. मौसम विज्ञानियों ने बताया कि 18-19 जून के बाद तूफान का असर धीरे-धीरे कम हो जाएगा.

98.51 प्रतिशत लाड़ली बहनों को हुआ है 1000 रूपए का भुगतान - मुख्यमंत्री

*** शेष रही बहनों को भुगतान कराने में अधिकारी लेंगे जन-प्रतिनिधियों का सहयोग**

*** मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में किसानों को प्रतिवर्ष 4 हजार की जगह मिलेंगे 6 हजार रूपए**

*** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा**

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाएँ अद्भुत हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य हुआ है। इसके लिए मंत्रीगण, विधायक, जन-प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ 18 लाख 22 हजार 624 लाड़ली बहनों को सफल भुगतान किया जा चुका है,

जिसका प्रतिशत 98.51 है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरित नहीं होने वाली बहनों की मदद करने के लिये जन-प्रतिनिधियों से सहयोग लेने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री उमाकान्त उमराव, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं तकनीकी श्री निकुंज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शीघ्र कराया जायेगा शेष लाड़ली बहनों के खाते में भुगतान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरण के बाद शेष रही बहनों को भी खाते में शीघ्र पैसा पहुँचाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास तत्परता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन एक लाख 78 हजार 891 बहनों के खाते में राशि नहीं पहुँची है, उनसे आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर बैंक को उपलब्ध कराई जाये, जिससे उनके खाते में भुगतान हो सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आधार सीडिंग कार्य में महापौर, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, समस्त जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। जन-प्रतिनिधि बहनों के साथ बैंकों में जाकर अकाउंट डाटा अपडेट करने में आवश्यक मदद करें, जिससे योजना की राशि पहुँच सके। बताया गया कि 10 जून से 14 जून के मध्य डीबीटी सक्रिय किये गये 1.07 लाख हितग्राही बहनों के भुगतान आदेश 15 जून को प्रोसेस किये गये हैं।

असफल भुगतान प्रकरणों के निराकरण के लिये की जा रही कार्यवाही

समस्त लाड़ली बहनों को एसएमएस कर भुगतान असफल होने की जानकारी दी जा रही है। संदेशों के द्वारा असफल होने के कारण और उनके निराकरण के लिये सुझाव भी प्रेषित किये जा रहे हैं। जिले और स्थानीय निकाय स्तर पर प्रत्येक लाड़ली बहना के भुगतान असफल होने का कारण और निदान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला स्तर से निराकरण के बाद लाड़ली बहनों को भुगतान किये जाने की पुनः कार्यवाही की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा खाद-बीज

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषक ब्याज माफी योजना में डिफाल्टर किसानों के खाते में डाली गई राशि के बाद अब वे किसान शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद-बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में किसानों को अब 4 हजार रूपए की जगह 6 हजार रूपए दिए जाएंगे। हर साल तीन किश्तों में दो-दो हजार रुपए की राशि डाली जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मंत्रि-परिषद द्वारा 9 मई 2023 को कृषक ब्याज माफी योजना को स्वीकृति दी गई थी। योजना में 31 मार्च 2023 की स्थिति में डिफाल्टर कृषकों के ऊपर 2 लाख रूपए के ब्याज सहित अल्पकालीन एवं मध्यकालीन परिवर्तित ऋण की ब्याज राशि माफ किए जाने का प्रावधान है। योजना में 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर कृषकों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि लगभग 2123 करोड़ रूपये माफ की गई है।

कलेक्टर ने बरघाट स्थित ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण किया

सिवनी यशोः-आगामी विधानसभा निर्वाचन तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 16 जून को बरघाट स्थित ईवीएम- व्हीव्हीपेड गोडाउन का निरीक्षण कर ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संचालित एफएलसी कार्यवाही का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईवीएम तथा व्हीव्हीपेड मशीनों की संचालन स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित रख-रखाव करने निर्देश दिए।

टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागृह में संपन्न हुआ

सिवनी यशोः- "प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत" कार्यक्रम के तहत जिले में टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत तैयार करने का अभियान संचालित है। 15 जून 2023 को जिला पंचायत बींझावाड़ा सभागृह में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी सहित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अमले की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में पंचायत विभाग एवं लोक स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्य योजना तैयार की गई। जिसमें वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित? ग्रामों को टीबी मुक्त कर वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त किया जा सके। जिसमें विभिन्न ग्राम आरोग्य समिति ग्राम स्वच्छता समिति एवं ब्लाक समिति को संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। उक्त गठित संयुंक्त टीम द्वारा सर्व कार्य किया जायेगा एवं टीबी रोगी मिलने पर उसे निःशुल्क उपचार प्रदान कर स्वस्थ किया जायेगा। निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय मित्र तैयार कर टीबी मरीजों को पोषण आहार किट प्रदान की जायेगी। ग्राम में टीबी मरीज न मिलने की स्थिति में पंचायत द्वारा प्रस्ताव जिला स्वास्थ्य समिति के पास भेजा जायेगा। जिसमें जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा अवलोकन उपरांत जिला कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत राज्य स्तर पर प्रेषित किया जायेगा। टीबी मुक्त ग्राम को विश्व क्षय दिवस 24 मार्च के उपलक्ष्य में टीबी मुक्त ग्राम का प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

कक्षा 5 एवं 8 की पुनः वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 22 से 28 जून तक

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रथमिक (कक्षा 5वी) एवं माध्यमिक (कक्षा 8वी) की पुनः वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा समय सारणी अनुसार 22 से 28 जून तक संचालित होंगी। कक्षा 5 एवं 8 परीक्षा हेतु संकुल स्तर पर ही परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाईन पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

कलेक्टर ने विकासखण्ड बरघाट अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कलेक्टर श्री क्षिजित सिंघल ने शुक्रवार 16 जून को बरघाट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के खण्डस्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर जल जीवन मिशन क्रियान्वयन की स्थिति की ग्रामपंचायतवार समीक्षा की। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री निधि सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित जनप्रतिनिधियों, सब इंजीनियर, सरपंच-सचिव एवं निर्माणकर्ता एजेंसियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंघल ने विगत 10 मार्च को आयोजित हुई जल जीवन मिशन की बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में योजना अंतर्गत हुए कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्रामपंचायतवार सरपंच/सचिवों एवं संबंधित एजेंसी से जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल तथा समूह नल जल योजनाओं प्रगति एवं पेय जल प्रदाय की समीक्षा की तथा अधूरे एवं गुणवत्ताहीन कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ऐजेंसी को टर्मिनेट करने एवं सम्बन्धित ठेकेदार को बाउंड ओवर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने पीएचई एवं पंचायत विभाग के सभी उपस्थिति मैदानी अधिकारियों जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता से कराते हुए प्रत्येक परिवार को शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तरह विकासखण्ड अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी एवं स्कूलों में भी शीघ्र गुणवत्ता एवं छात्र-छात्राओं की सुविधानुरूप नल कनेक्शन कर जल प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के निर्माण कार्यों के दौरान सड़को एवं नालियों की टूट-फूट, का त्वरित मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने विकासखण्ड अंतर्गत सांसद / विधायक निधि से संचालित प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने %%मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना%% के लाभ के लिए शेष रही पात्र महिलाओं के बैंक खातों को आधार लिंकिंग कराने के निर्देश दिए।

80 देशों मे होगा जबलपुर में हो रहे राष्ट्रीय स्तर के योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

राष्ट स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में सवा लाख से अधिक नागरिक जुड़ेंगे

सिवनी यशोः- इस वर्ष 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 21 जून को जबलपुर के गैरिसन ग्राउण्ड पर होगा। योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देश के अलावा दुनिया के 80 देशों में किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को जबलपुर में कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। इस वर्ष 9वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ÷वसुधैव कुटुम्बकम के लिये योग÷ रखी गई है।

जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में सेना, पुलिस, होमगार्ड, रेल्वे और सुरक्षा संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का डॉक्यूमेंटेशन होगा और ड्रोन कैमरे से रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। जबलपुर शहर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में करीब एक लाख 25 हजार नागरिकों को शामिल करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। गैरिसन ग्राउण्ड पर होने वाले कार्यक्रम में 15 हजार चिन्हित प्रतिभागी शामिल होंगे। नवाचार के तौर पर दिव्यांगजन, ट्रांसजेन्डर, कैंसर तथा थैलिसीमिया के रोगियों को भी सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। जबलपुर के नजदीक बरगी बांध पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।

जबलपुर में योग दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए 15 जून से प्री-एक्टिविटी प्रारंभ कर दी गई है। जबलपुर शहर के 78 वार्ड में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में 2 हजार नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित जा रही है। शहर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल भेड़ाघाट के साथ 50 उद्यानों में भी सामूहिक योगाभ्यास का विशेष सत्र होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये स्वयंसेवी संगठनों की मदद ली जा रही है। जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन-सामान्य की सहभागिता बढ़ाने के लिये विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

बाल सम्प्रेक्षण गृह सिवनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजीव एम. आप्टे के मार्गदर्शन में विगत दिवस बाल सम्प्रेक्षण गृह में बाल सुरक्षा योजना अंतर्गत बालकों को सशक्त करने एवं उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान किये हेतु विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री विकास शर्मा द्वारा नालसा (बच्चों को मैत्री पूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं) योजना-2015 एवं महिला व बालकों के संबंध में कानूनी प्रावधानों व अन्य विधिक जानकारी के संबंध में उपस्थित किशोरों को जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सिवनी भी उपस्थित रहे।

आईटीआई में नवीन सत्र प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 जून

सिवनी यशोः- प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छपारा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई में नवीन सत्र हेतु प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। प्रवेश के लिए www.dsd.mp.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आईटीआई छपारा में एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त व्यवसाय अंतर्गत विद्युतकार, स्टेनो(हिंदी), फिटर, कोपा, मैकेनिक डीजल व वेल्डर ट्रेड संचालित है।

विदित हो कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव है अब आवेदक कों एमपी ऑनलाइन के स्थान पर डीएसडी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रवेश पोर्टल पर त्रुटि सुधार व चॉइस फिलिंग भी आरंभ हो चुकी है। यह कार्य 25 जून तक किया जा सकेगा।

झींगा पालन पर दिया जाएगा अनुदान

सिवनी यशोः- उपसंचालक मत्स्योद्योग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में मछली पालन को बढ़ावा देने एवं इस व्यवसाय में संलग्न मछुआरों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए तालाब / जलाशय का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आदेश का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी वर्ग के हितग्राही, मछुआ समूह एवं मछुआ सहकारी समिति पात्र होगें। योजना के तहत ग्रामीण तालाबों में झींगा पालन करने पर प्रति हेक्टेयर इकाई लागत राशि रू0 4.00 लाख पर 40 प्रतिशत के मान से अधिकतम राशि रू0 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार रूपये) का अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी एवं विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

7 पेटी मदिरा सहित वाहन जब्त

मंडला यशोः- आबकारी बल द्वारा मण्डला जबलपुर रोड में गश्त एवं वाहनों की चैकिंग के दौरान मण्डला रोड फूलसागर पुल के पास वाहन स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी 20 सीके 8028 में अवैध रूप से 7 पेटी देशी मदिरा पाये जाने से वाहन को जब्त किया गया। मौके पर उपस्थित सुशील चक्रवर्ती उम्र 40 वर्ष निवासी शांतिनगर बिंझिया जिला मण्डला के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की संशोधित धारा 34 (1) 34 (2) के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीयन प्रारंभ

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सत्र 2023-24 में सिविल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आनलाईन काउंसिलिंग समय सारणी जारी की गई है, जिसके अनुसार ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण का पंजीयन 15 एवं 16 जुलाई सायं 05:00 बजे तक तथा द्वितीय चरण का पंजीयन 28 जूलाई 2023 से 07 अगस्त सायं 05:00 बजे तक होगा। इसके पश्चात रिक्त रह गई सीटों पर कॉलेज लेवल काउंसलिंग द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। दसवीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र/छात्राएं प्रवेश हेतु प्रथम चरण अंतर्गत पंजीयन करवा सकते हैं।

उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में उपस्थित होकर प्र. विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग श्री पीएस बघेल मोबाइल नंबर 8109406225, व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियरिंग श्री आयुष अग्रवाल मोबाइल नंबर 8770750248, प्र. विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग श्री के.के. मेश्राम 9993798079, विभागाध्यक्ष टीपीओ श्री आरके दुबे मो.नं. 9826503011 एवं श्री के एल बारसिया मोबाइल नंबर 6260272805 से संपर्क कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं www.dtemonline.gov.in पर लॉगिन करें।

डूबने से 3 वर्षीय बच्चे की मौत, पुलिस जांच में जुटी

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडीपार ग्राम में खेलते खेलते एक मासूम बच्चा पानी के टांके में गिर गया। जहाँ डूबने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंडीपार ग्राम में विशाल नामक 3 वर्षीय बच्चा घर में खेल रहा था। वही खेलते खेलते घर के बाहर बने पानी के टांके में गिर गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। वही सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। और मर्ग कायम कर बच्चे के शव का पंचनामा बनाया गया। और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। वहीं पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

राष्ट्रीय स्तर की आम प्रदर्शनी एवं सेमीनार 17 एवं 18 जून को

जिले के आम उत्पादक कृषक प्रदर्शनी में भाग लेने एवं आम फल बिक्री हेतु स्टॉल लगाने हेतु करें सम्पर्क

सिवनी यशोः- सहायक संचालक उद्यान विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आम जनता को सुदूर अंचलो में उत्पादित आम के विविध रूपो से परिचित कराने हेतु भोपाल में राष्ट्रीय स्तर का मैंगो शो एवं सेमीनार का आयोजन 17 एवं 18 जून 2023 को शासकीय गुलाब उदयान लिंक रोड हास्पिटल के पास भोपाल में किया जा रहा हैं। उपरोक्त मैंगो शो में प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों से भी आम की विभिन्न प्रजातियां प्रदर्शित की जाएगी।उन्होंने बताया गया कि भोपाल में आयोजित उपरोक्त मैंगो शो में जिले के स्थानीय एवं व्यावसायिक आम उत्पादक कृषक भी भाग ले सकते हैं। आम प्रदर्शनी में प्रादर्श व्यक्तिगत एवं शासकीय/अर्ध्दशासकीय क्षेत्र के अलग-अलग रखे जायेंगें एवं प्रतियोगिता पृथक-पृथक आयोजित होगी। उक्त मैंगो शो में आम की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन एवं सेमीनार में आम की खेती में विविध तकनीकी एवं आधुनिक जानकारी कृषि विश्व विद्यालय तथा अनुसंधान केंद्रो के अनुभवी विशेषज्ञयों द्वारा प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त मैंगो शो में आम के विविध परंपरागत एवं आधुनिक दोनो ही प्रकार के प्रस्संक्रत उत्पाद प्रदर्शनी/बिक्री हेतु लाये जा सकते हैं।

जिले के इच्छुक आम उत्पादक कृषक जो प्रदर्शनी में भाग लेने एवं आम फल बिक्री हेतु स्टॉल लगाना चाहते है, जिला स्तर पर कार्यालय सहायक संचालक उदयान जिला-सिवनी तथा विकासखंड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी से उक्त संबंध में दिनांक 12-06-2023 के पूर्व कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

युवाओं के भविष्य व अभिभावकों को चिंता से मुक्त करने हेतु विशेष कार्यशाला 18 को

सिवनी यशोः- वर्तमान समय अत्याधुनिकता का है, जिसमें मोबाइल इंटरनेट सोशल मीडिया आदि ने इतनी जबरदस्त पकड़ बना ली है, कि मनुष्य के जीवन में संपर्क ,सामाजिकता ,पारिवारिक ता ह्यद्दआदि का ऐसा अभाव व रिक्तता आ गई है, कि व्यक्ति जरा- जरा सी बात पर डिप्रेशन में जाने लगा है, गूगल के निरंतर प्रयोग ने हमें परावलंबी बना दिया है, हम अपने मन मस्तिष्क का उपयोग व प्रयोग करना भूल गए हैं ,जिसका दुष्परिणाम युवाओं की विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति एवं मानसिक शक्ति पर पड़ा है, जिस के दुष्प्रभाव हमारे सामने हैं इसी तरह वर्तमान समय में मात-पिता (अभिभावक) चाहते तो हैं ,कि जिससे वे उनका पुत्र पुत्री जीवन में किसी ऐसे लक्ष्य को प्राप्त करें ,जिससे वह समाज में गौरवान्वित हो सके ,किंतु इस दिशा में माता-पिता व अभिभावक क्या अपनी वास्तविक भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं ,नहीं ना !तो उन्हें कैसे भूमिका का निर्वाह करना चाहिए ?कैसे अपने दायित्वों का व कर्तव्यों का निर्वाह अपने भविष्य के सपनों के प्रति करना चाहिए ,जिन्हें हम *पैरेंट्स विद लव एंड विजडम* कहते हैं, इसी तरह युवा विद्यार्थी भविष्य की चिंता तो करते हैं लेकिन उसके लिए अपनी तैयारी के संदर्भ में मानसिक शक्ति कि वृद्धि व स्मरण शक्ति कि वृद्धि पर विचार नहीं करते जबकि उसे बढ़ाए बिना भविष्य में सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि बिना माइंड पावर मेमोरी पावर को ना तो *लाइफ चेंजिंग* है , और ना ही *सक्सेस*, इन्हीं सब महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन करने आ रही हैं *दिल्ली से डॉक्टर अदिति सिंघल जी* जो की मैथमेटिक्स, माइंड पावर, मेमोरी वृद्धि ,लाइफ चेंजिंग ,सक्सेस ,पेंटिंग विद लव एंड विजडम जैसे विषयों की विशेषज्ञ हैं ,और जिनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ,लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है ,इसीलिए इस अवसर का लाभ लें और दिनांक 18 जून 2023 दिन रविवार को सुबह 9:00 बजे से 10 मिनट पूर्व ब्रह्माकुमारी संस्थान शांति शिखर पीजी कॉलेज के आगे मुंगवानी रोड भैरोगंज सिवनी पहुंचे, जहां इस विशेष कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ आदित्य सिंघल युवाओं विद्यार्थियों बच्चों के माता-पिता अभिभावकों का मार्गदर्शन कर ,उनकी समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डालेंगे ,विद्यार्थियों युवाओं के लिए 9:00 बजे से एवं अभिभावकों के लिए 11:00 बजे से कार्यशाला प्रारंभ होगी।

प्रधानमंत्री जन धन योजना के बैंक खाते में न्यूनतम बेलेंस रखने की बाध्यता नहीं

*** बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट में भी न्यूनतम बेलेंस रखना जरूरी नहीं**

*** बैंक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में अंतरित योजना राशि से सेवा शुल्क नहीं काट सकते**

सिवनी यशोः- प्रदेश के कुछ जिलों में कहीं-कहीं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाड़ली बहनों के बैंक खातों में अंतरित की गई राशि क्रेडिट नहीं होने की जानकारी मिली है। न्यूनतम बेलेंस नही होने से सेवा शुल्क में रूप में बैंकों द्वारा राशि काटे जाने की आशंका व्यक्त की गई है, जबकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन धन योजना में खुले बैंक अकाउंट सहित बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट में न्यूनतम बेलेंस रखने की बाध्यता नहीं है। बैंक, इन अकाउंट पर सेवा शुल्क नहीं ले सकते हैं।

संयुक्त संचालक महिला बाल विकास डॉ. विशाल नाडकर्णी ने बताया है कि स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) ने निर्देश जारी कर निष्क्रिय खातों वाली लाड़ली बहनाओं के खाते, जन धन खातों में परिवर्तित करने की कार्यवाही के निर्देश भी दिये हैं, जिससे कि बहनों के खाते में अंतरित की गई राशि जमा हो सके।

डॉ. नाडकर्णी ने कहा है कि महिला बाल विकास संचालनालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि महिलाओं के बैंक खातों से न्यूनतम बेलेंस न होने के कारण बैंकों द्वारा राशि काटी गई है, ऐसे सभी प्रकरणों के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि इन महिलाओं के बेसिक सेविंग डिपाजिट अकाउंट में या तो परिवर्तन किया जाएगा या फिर नवीन अकाउंट खुलवा कर डीबीटी सक्रिय किया जाएगा, जिससे उनके अकाउंट से राशि न कटे। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान जितने भी डीबीटी हुए हैं, उन सभी के भुगतान की प्रक्रिया महिला बाल विकास संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार की जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र मिलने के बाद भी लाड़ली बहनों के खाते में राशि नहीं आने के प्रकरण बहुत कम संख्या में हैं। राशि प्राप्त नहीं होने के कारणों की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध हो गई है। ऐसे प्रकरणों का निदान जिला स्तर से ही किया जा रहा है और डीबीटी सक्रिय होते ही शेड्यूल अनुसार भुगतान किया जाएगा।

खुशियों की दास्ताँ

पीएम आवास योजना से पक्के आवास का स्वप्न हुआ पूरा- रामसिंह

सिवनी यशोः- शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने देश-प्रदेश के लाखों ग्रामीण गरीब परिवारों के पक्के आवास के सपने को साकार किया है। आज योजना का लाभ लेकर ये परिवार कच्चे, तंग कमरे वाले मकानों से निकलकर अपने स्वयं पक्के आवास के मालिक बने हैं। जिसके लिए हितग्राही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार का धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं।

ऐसे ही हितग्राही जिले के लखनादौन तहसील के ग्राम किसनपुर निवासी श्री रामसिंह है, जिनका प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। जिसके लिए रामसिंह का परिवार अत्यंत प्रसन्न हो, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हैं।

अज्ञात ट्रक की टक्कर से मोटर साईकिल हुई दुर्घटनाग्रस्त

मंडला यशोः- जिला मंडला के थाना बिछिया के अंतर्गत डोवा के पास हाइवे रोड पर मोटर साईकिल दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 14-06-2023 को प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात ट्रक की टक्कर से मोटर साईकिल हुई दुर्घटनाग्रस्त 02 घायल व्यक्तियों को डायल -112/100 स्टाफ ने एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर बिछिया अस्पताल मे भर्ती करवाया।

सर्वज्ञ सोनी शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

मंडला यशोः- मण्डला जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधायक प्रतिनिधि के रूप में सर्वज्ञ सोनी पिता कमलनाथ सोनी निवासी भगतसिंह वार्ड को मनोनीत किया गया है। तत्संबंध का पत्र जारी करते हुये मण्डला विधायक ने प्राचार्य पॉलीटेक्निक कॉलेज से यह अपेक्षा की है कि शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की अपेक्षित कार्यवाहियों में इन्हें सम्मिलित किया जाये। सर्वज्ञ सोनी के इस मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

आगामी 15 दिवस में सीमांकन के कार्यों के लिए विशेष अभियान चलाए

एसडीएम एवं तहसील कोर्ट के निरीक्षण में कलेक्टर के निर्देश

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नैनपुर क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान एसडीएम एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोर्ट के विभिन्न लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 15 दिवस में विशेष अभियान चलाकर काम करें। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों से जुड़े कार्य के लिए एसडीएम ऑफिस पहुँचे लोगों से बात की तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज़रूरी निर्देश दिये।

सीईओ कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने इस दौरान नैनपुर जनपद सीईओ कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीईओ जनपद कार्यालय की अलग-अलग शाखाओं का निरीक्षण करते हुए स्वच्छ भारत, संबल, आयुष्मान, मनरेगा अन्य शाखाओं से संबंधित अमले को ज़रूरी निर्देश भी दिए। उन्होने सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह भौतिक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें।

"मध्यप्रदेश MSME समिट 2023" कार्यक्रम 19 जून को

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकरी दी गई कि मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई विभाग) द्वारा भोपाल में सोमवार 19 जून 2023 को ÷मध्यप्रदेश MSME समिट 2023÷ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य में एक समग्र एमएसएमई इकोसिस्टम विकसित करना और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करना है। आयोजन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति में होगा। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख हितधारकों को मंच पर लाया जा रहा है। प्रतिष्ठित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों द्वारा उद्योग जगत के वरिष्ठ पदाधिकारी, उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और एमएसएमई से जुड़े शासकीय अधिकारियों द्वारा सहभागिता की जायेगी।

मध्यप्रदेश में एक मजबूती उद्यम इकोसिस्टम के निर्माण के लिये एक बहुत मजबूत मंच प्रदान करना मध्यप्रदेश शासन की प्रतिबद्धता है। एमएसएमई विभाग अप्रयुक्त क्षमता का पता लगाने और औद्योगिक विकास और समाजिक / आर्थिक विकास की एक अभूतपूर्व लहर लाने के लिये उद्यमियों के साथ सक्रिय रूप ये जुड़ रहा है।

समिट में प्रोद्योगिकी, हस्तांतरण, न्यू-एज फाइनेंस, क्लस्टर डेवलपमेंट, बिल्डिंग, रेजिलिएस, अंतराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा, महिला सशक्तिकरण और डिजीटल परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में एमएसएमई के समग्र विकास के लिए सर्वोत्तम तरीके, विषयो पर चर्चा होगी। समिट में समस्त जिलों के प्रमुख उद्यमियों की भागीदारी भी होगी, यह भागीदारी विभाग के प्रयास विभिन्न पहलुओं को पहचानने के महत्व को उजागर करने में मदद करेगी। कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए जिलें के उद्यमियों की सराहना की जायेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर दिनांक 19.06.2023 को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सिवनी के सभा कक्ष में उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की गई है। अतः जिलें में स्थापित एमएसएमई इकाईयां / चेम्बर्स ऑफ कामर्स / उद्योग संघ अधिक से अधिक उपस्थित हो कार्यक्रम से जुड़ते हुए लाभ ले सकते हैं।

विशेष आमसभा 21 को

मंडला यशोः- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित खलौड़ी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित खलौड़ी में शासन द्वारा प्रस्तावित समिति पुनर्गठन एवं मॉडल बायलॉल लागू करने हेतु समिति द्वारा विशेष आमसभा का आयोजन किया गया है। विशेष आमसभा सोमवार 21 जून 2023 को दोपहर 1 बजे से समिति कार्यालय हिरदेनगर के प्रांगण में आयोजित की गई है। सभी कृषक/समिति सदस्यों से विशेष आमसभा में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। विशेष आमसभा में शासन के निर्देशानुसार समिति द्वारा प्रस्तावित पुनर्गठन समिति के संबंध में एवं शासन के निर्देशानुसार समिति के मॉडल बायलॉज लागू करने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

राज्यपाल का प्रस्तावित दौराः कलेक्टर ने तैयारियों के दिए निर्देश

मंडला यशोः- 19 जून को राज्यपाल म.प्र. शासन मंगूभाई पटैल का मंडला दौरा प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटैल 19 जून सिकलसेल एनीमिया दिवस के अवसर पर मंडला के एकलव्य परिसर सेमरखापा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर सेमरखापा एकलव्य परिसर का दौरा किया। उन्होंने 19 जून 2023 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के स्थल, मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य जरूरी तैयारियों के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जून को सेमरखापा एकलव्य परिसर में संगोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम स्थल में सिकलसेल एवं एनीमिया के संबंध में महिलाओं की जांच के लिए शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एडीएम मीना मसराम, एसडीएम मंडला एवं संबंधित उपस्थित थे।

19 जून विश्व सिकिलसेल दिवस में होंगे स्क्रीनिंग जांच

मंडला यशोः- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जून विश्व सिकिल सेल दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक सिकिल सेल स्क्रीनिंग की जाएगी। जांच, उपचार शिविर लगाकर सिकलिन के मरीजों का प्रबंधन किया जाएगा। जिला चिकित्सालय तथा स्वास्थ्य संस्थाओं की ओपीडी में आने वाले समस्त एनीमिया के मरीजों की सिकिल सेल स्क्रीनिंग जांच में पॉजीटिव आने पर एचपीएलसी जांच जिला चिकित्सालय लेब से कराया जाएगा।

स्क्रीनिंग जांच के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाये जा रहे हैं। सिकिल सेल स्क्रीनिंग जांच के अंतर्गत आयोजित शिविरों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में की गई स्क्रीनिंग जांच की जानकारी राष्ट्रीय सिकिल सेल पोर्टल में इन्द्राज किया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाले स्क्रीनिंग जांच शिविर में आदिमजाति कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग से समन्वय कर स्कूलों, छात्रावासों एवं हॉट-बाजारों में स्क्रीनिंग की जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि सिकिलसेल के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण स्तर में आशा कार्यकर्ता के माध्यम से मेगा माइक के द्वारा एनाउसमेंट, दीवार लेखन, ग्रुप बैठक, महिला बैठक के माध्यम से जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. मानसिंह कुम्हरे एवं डॉ. राजीव चावला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

रक्तदान शिविर आयोजित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि रक्तदाता दिवस में जिला चिकित्सालय मण्डला रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 प्रवीण उईके, डॉ0 सूरज मरावी, निर्मला सिंह रिछारिया, पदमाक्षी शुक्ला आदि के द्वारा रक्तदान किया गया। इसी तरह सी.आर.पी.एफ. ग्वारा के जवानों तथा भागीरथ सेवा विकास परिवार स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, आरएमओ डॉ0 प्रवीण उईके सहित संबंधित उपस्थित रहे।

नैनपुर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नैनपुर के अपने भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में महिला, पुरूष सहित अन्य वार्डों का भ्रमण किया। इसी प्रकार दवाई वितरण कक्ष, स्टॉफ, नेत्र जाँच कक्ष आदि का भी निरीक्षण कर ज़रूरी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ के लिए बनाए गए क्वार्टर का कार्य को पूर्ण करें तथा हेंडओवर की प्रक्रिया को आगामी 15 दिनों में सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि एएनसी वार्ड में महिलाओं के एनीमिया की जाँच भी अनिवार्यतः हो। इसी दौरान महिलाओं के ब्लडप्रेशर एवं हीमोग्लोबिन की भी जाँच सुनिश्चित करें।

मरीजों एवं परिजनों से की बात, दी सलाह

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अस्पताल में अलग-अलग वार्डों के भ्रमण के दौरान मरीज़ों से बात की। उन्होंने चिकित्सकों से भर्ती मरीजों के उपचार की रिपोर्ट ली। उन्होंने मरीजों के साथ अस्पताल में आए परिजनों से भी चर्चा करते हुए चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। कलेक्टर ने मरीज़ों से चर्चा करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सुधार संबंधी आत्मीय सलाह भी दी।

वृद्ध को घर पहुँचाने की व्यवस्था रेडक्रॉस से करें

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान नैनपुर चिकित्सालय में भर्ती अन्य राज्य के वृद्ध से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की स्थिति जानी। बताया गया कि वृद्ध अन्य राज्य से हैं तथा अस्वस्थ हैं। डॉ. सिडाना ने संबंधित बीएमओ को निर्देशित किया कि भर्ती वृद्ध का आवश्यक इलाज करते हुए इन्हें घर भेजने की व्यवस्था करें। उन्होंने वृद्ध को उनके घर पहुँचाने संबंधी व्यवस्था रेडक्रॉस के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रक्तदान सबसे बड़ा दान है- कलेक्टर

मंडला यशोः- बुधवार को नैनपुर के पुराने चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान के लिए उपस्थित हुए व्यक्तियों से आत्मीय चर्चा की तथा उन्हें रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, लोगों की सेवा करने का ये सबसे बेहतर माध्यमों में से एक है। कलेक्टर ने पुराने अस्पताल परिसर के संजीवनी भवन का भी निरीक्षण किया तथा इसे प्रारंभ करने संबंधी आवश्यक निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

महाराजपुर, चिरईडोंगरी के अस्थायी जाँच नाके का निरीक्षण

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को अपने भ्रमण के दौरान खनिज विभाग द्वारा 12 जून से प्रारंभ किए गए अस्थायी जाँचों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाराजपुर एवं चिरईडोंगरी जांच नाकों पर उपस्थित राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अमले से वाहनों की चैकिंग संबंधी ज़रूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ओवरलोड, बिना ईटीपी के वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जांच नाकों पर तैनात अमला अपनी सुरक्षा का संपूर्ण ध्यान रखते हुए ड्यूटी सुनिश्चित करें।

चिरईडोंगरी में नल के पानी का प्रेशर बढ़ाएं

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने चिरईडोंगरी ग्राम में जलजीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत द्वारा प्रतिदिन प्रदान किए जा रहे पानी का टाइमटेबल पूछा। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि नल के पानी के प्रेशर को बढ़ाने के लिए ज़रूरी इंतज़ाम करें। कलेक्टर ने स्थानीय सरपंच से गाँव की समस्याओं पर चर्चा की तथा जल-जीवन मिशन के पंचायत द्वारा किए जा रहे प्रबंधन कार्य की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने चिरईडोंगरी में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताया कि 20 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है। सभी अभिभावक 20 जून से अपने बच्चों को स्कूल भेजना प्रारंभ करें। इस दौरान स्कूल में किताब वितरण सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित होंगी। कलेक्टर डॉ. सिडाना ने नैनपुर क्षेत्र के अपने भ्रमण के दौरान कजरवाड़ा पंचायत के अंतर्गत ग्राम भोंगाद्वार में चल रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अमृत सरोवर का कार्य बारिश के पूर्व पूरा करें। उन्होंने अमृत सरोवर निर्माण कार्य में संलग्न मनरेगा के नियोजन के संबंध में भी ज़रूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अमृत सरोवर से होने वाली सिंचाई एवं मत्स्यपालन संबंधी फायदों के बारे में चर्चा की।

पुल निर्माण के गुणवत्ता की एक सप्ताह में रिपोर्ट दें

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान भोंगाद्वार पंचायत के निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुल निर्माण की गुणवत्ता से गहरी नाराज़गी ज़ाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल निर्माण के गुणवत्ता की एक हफ़्ते में रिपोर्ट दें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय पर, गुणवत्ता के साथ एवं उपयुक्तता के साथ पूरा हो। कलेक्टर ने नैनपुर बायपास में निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कॉन्ट्रेक्ट्स को निर्माण कार्य को गुणवत्तायुक्त एवं समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

वृक्षारोपण के लिए आरके क्षत्रिय को कलेक्टर ने किया सम्मानित

मंडला यशोः- प्रकृति के उपासक एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 33 वर्षों तक सतत प्रयास करते हुए पर्यावरणविद राजेश क्षत्रिय को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित शिक्षक को नगर के सुंदरीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए तथा अंकुर अभियान के तहत वृक्षारोपण के लिए किए गए प्रयासों के लिए आज मंडला जिले की कलेक्टर डॉक्टर सलोनी सिडाना के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए योजना भवन में सम्मानित किया गया इस अवसर उन्होंने विद्यालय में अंकुर अभियान में सतत प्रयास करते रहने हेतु योगदान देने को कलेक्टर द्वारा कहा पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में आयोजित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आरके क्षत्रिय अवगत कराया कि वे वर्ष 19-90 लगातार पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण नर्मदा संरक्षण स्वच्छता पक्षी बचाओ अभियान पॉलिथीन प्रदूषण से मुक्त करने पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण तथा पर्यटन विकास जैसे अनेक कार्यक्रमों को चलाते आ रहे हैं नगर में अनेक उद्यान का एवं चौराहों का सुंदरीकरण में विशेष योगदान रहा है रपटा घाट के पर्यटन स्वरूप देने पर उनका अनमोल योगदान रहा है विद्यालयों में हरित क्रांति लाने में इको क्लब के माध्यम से उन्होंने 25 वर्षों से लगातार कार्य करते हुए विद्यार्थियों को इको क्लब के माध्यम से जोड़ कर रखा है सर्वविदित है की मोहनटोला की बंजर पहाड़ी को उन्होंने हरा भरा कर जंगल बनाकर प्रकृति को अनमोल उपहार प्रदान किया है वह अपना योगदान शहर के विकास एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए तथा विद्यालयों में छात्रों में जन जागरूकता अभियान चलाने हेतु जिला प्रशासन अनुसूचित जनजाति विकास एवंस्कूल शिक्षा विभाग को अपना योगदान देते रहने हेतु अपने मनसा से व्यक्त की है उन्होंने इस पुरस्कार के लिए विजय तेकाम सहायक आयुक्त अंकुर अभियान के नोडल अधिकारी रंजीत गुप्ता एवं दिनेश दुबे व विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आभा चौरसिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एकलव्य स्कूल में नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण में भारी लापरवाही

***भीषण गर्मी में हाथों से पंखा झलते हुए प्रशिक्षण ले रहे नव नियुक्त शिक्षक**

***प्रशिक्षण के दौरान बिजली गुल रहने से परेशान शिक्षक**

*** एकलव्य स्कूल परिसर घूमते मवेशी**

*** एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल जिसे प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है**

मंडला यशोः- ग्रीष्म काल में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। देखने में आ रहा है कि इस तरह के प्रशिक्षण में गर्मी के अनुकूल भोजन, ठण्डे पानी, कूलर पंखों की व्यवस्थाएं नहीं की जा रही हैं जिससे प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण का पूरे मन से लाभ नहीं ले पा रहे हैं। सेमरखापा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भी हाल ही में वर्ग 01 से लेकर 03 में नियुक्त किए गए शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है जानकारी अनुसार यहां शिक्षकों को स्वादिष्ट भोजन नहीं मिल रहा है, वाटर कूलर गर्म पानी उगल रहे हैं बार-बार बिजली गुल होने से एक कमरे में बड़ी संख्या में बैठे शिक्षक-शिक्षिकाएं हाथों में रखी कॉपी पुस्तक से पंखा झलते देखे जा रहे हैं ऐसे में इन प्रशिक्षण का लाभ ये नव नियुक्त शिक्षक कितना ले पाएंगे यह समय ही बताएगा।

जानकारी अनुसार इस प्रशिक्षण की जवाबदारी सहायक आयुक्त से लेकर एकलव्य स्कूल के प्रभारी की है लेकिन ये सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं और एक-दूसरे को जवाबदार ठहरा रहे हैं। जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही ही कही जाए जिसके चलते प्रशिक्षाणार्थी लगातार बीच प्रशिक्षण से घर जाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। कहने के लिए तो यह आवासीय प्रशिक्षण है लेकिन कुछ प्रशिक्षणार्थी घर से आना-जाना भी कर रहे हैं। ऐसी जानकारी मिली है।

हाथ में रखी कॉपी से पंखों झलते ले रहे प्रशिक्षण

कई शिक्षिकाओं के बहुत छोटे बच्चे हैं जिसके चलते वे बच्चे के साथ अन्य परिजन को भी साथ रखकर प्रशिक्षण ले रही है, जब ये शिक्षिकाएं प्रशिक्षण हॉल में होती है तो उनके बच्चे अन्य पालकों के साथ पास के हाल में रहते हैं इस हाल में इनके लिए गर्मी के हिसाब से पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। मंगलवार को यहां हॉल में ऐसे कुछ दुधमुहे बच्चे दिखाई दिए जो बिजली गुल होने के कारण काफी हलाकान दिखाई दे रहे थे। इस तरह के आवासीय प्रशिक्षण के लिए सरकार द्वारा अच्छा बजट दिया जाता है इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सुविधाओं में कटौती कर अपनी जेब भरने का प्रयास करते हैं। मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र में दोपहर को बड़ी संख्या में नव नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रशिक्षण कक्ष में मौजूद थे लेकिन बिजली नहीं होने से सभी प्रशिक्षणार्थी हाथों में रखी कॉपी पुस्तक से पंखा झलते देखे गए। इस समय तापमान 42 से 43 डिग्री तक पहुंच रहा है ऐसे में जब प्रशिक्षण का आयोजन किया गया तो इनवर्टर, जनरेटर की भी व्यवस्था की जाना था।

भोजन की भी बताई समस्या

प्रशिक्षण में शामिल कुछ शिक्षकों ने बताया कि जो भोजन दिया जाता है उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है पतली दाल दी जाती है, तो स्टॉल में जो भोजन रखा जाता है वह शिक्षकों की संख्या के अनुरूप नहीं होने से शिक्षकों को भोजन के लिए प्रतीक्षा करना पड़ता है। जानकारी अनुसार सहायक आयुक्त कार्यालय से प्रशिक्षण अवधि के लिए किसी व्यक्ति को भोजन कराने का ठेका दिया गया है।

प्रोजेक्टर का उपयोग नहीं

जानकारी अनुसार शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार इस तरह के प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर का उपयोग किया जाना चाहिए चूंकि आज कल स्कूलों में स्मार्ट क्लास का संचालन हो रहा है इसलिए अभी से नव नियुक्त हुए शिक्षकों को प्रोजेक्टर से पढ़ाई का प्रशिक्षण होना जरूरी है लेकिन एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्र में सभी कक्षाओं में प्रोजेक्टर नहीं लगाए गए है। हालांकि इस संबंध में एकलव्य स्कूल के प्राचार्य का कहना है कि एक कक्ष में प्रोजेक्टर लगा हुआ है।

सुरक्षा पर भी सवाल

जिस एकलव्य स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं का आवासीय प्रशिक्षण हो रहा है वहां सुरक्षा को लेकर भी लापरवाही दिखाई दे रही है, मुख्य गेट खुला होने से कोई भी व्यक्ति स्कूल में प्रवेश कर रहा था, स्कूल परिसर में आसपास के आवारा मवेशी घूमते दिखाई दिए जबकि करोड़ों की लागत से बने इस एकलव्य स्कूल के प्रवेश द्वार में एक चौकीदार भी तैनात है लेकिन बगैर रोकटोक स्कूल में लोगों का प्रवेश करना यहां रह रहे प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297